Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 18-08-2005
Participants : Chatterjee Shri Somnath,Handique Shri Bijoy Krishna,Malhotra Prof. Vijay Kumar

>

Title Regarding reported declaration of Anti-Hijacking policy by the Government outside the Parliament while the House is in Session.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, संसद का सत्र चल रहा है और लोकसभा का सत्र भी चल रहा है जो 25 जुलाई से शुरू होकर अभी तक चल रहा है।

अध्यक्ष महोदय, 14 अगस्त की रात को कैबिनेट ने एंटी हाईजैक पॉलिसी का फैसला किया है। एंटी हाईजैक पॉलिसी क्या है, इसके बारे में उसी रात लीडर ऑफ दि हाउस ने और गवर्नमेंट के स्पोक्समैन ने सार्वजनिक रूप से सबको बताया। नियम और सिद्धांत यह है कि अगर कोई पॉलिसी स्टेटमेंट करनी हो तो लोकसभा या राज्यसभा का सत्र चल रहा हो तो उसके अंदर उसकी घोाणा की जानी चाहिए। 14 अगस्त के बाद 16 और 17 तारीख को हाउस की बैठक हुई और आज 18 तारीख है, लेकिन एक दिन भी सरकार ने यहां आकर बताना मुनासिब नहीं समझा कि हाईजैक पॉलिसी क्या है जबकि वहां पब्लिक में जाकर और टेलीविजन पर लीडर ऑफ दि हाउस ने बताया और स्पोक्समैन ने भी बताया। वैसे तो पॉलिसी का मामला ऐसा है क्योंकि इसके बहुत से कांसिक्वेन्सिस हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण है। अगर सरकार चाहती तो सभी पार्टियों के लीडर्स से बात कर लेती, तो यह अच्छा होता। उसके अलावा हाउस में आकर पूरे विाय के बारे में जानकारी देती। मैं पॉलिसी के मैरिट में नहीं जाना चाहता...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I appreciate; ordinarily it should be done only that way.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : मैं इसलिए मैरिट में नहीं जाना चाहता क्योंकि इसमें कहा गया है कि यदि सिविल एयरक्राफ्ट मिसाइल बनकर जाएगा तो उसे शूट कर दिया जाएगा। इस तरह से कुछ और बातें भी हैं, हो सकता है वे अच्छी हों, देशहित में हों परन्तु हमें जानकारी नहीं है। यह हाउस की प्रिविलेज है और प्रोपरायटी का सवाल है, इसलिए ऐसा कोई भी नीतिगत फैसला हाउस में पहले होना चाहिए, बाद में बाहर जाना चाहिए। हमें समाचार पत्रों से या किसी और माध्यम से मालूम नहीं होना चाहिए। Sir, do you have any direction to give?

MR. SPEAKER: I said that ordinarily policy decision should be announced here, during the Session; and there is no doubt about it. But I will look into the details of it.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI BIJOY HANDIQUE): I will convey the feelings of the hon. Member to the Minister concerned.